


दिनांक- 2 नवम्बर 2020

द्विभाषीय पारंपरिक वाद विवाद प्रतियोगिता


**विषय- सूचना का अधिकार: कितना असरदार**






इस वर्ष अभिव्यक्ति: हिंदी वाद विवाद समिति और "RHETORQUE" अंग्रेजी वाद-विवाद समिति के सहयोग से वर्चुअल वेबीनार व द्विभाषी वाद-विवाद का आयोजन किया गया था। वेबीनार की शुरुआत हमारे आज के वक्ता श्री वेंकटेश नायक और चंदर निगम के वक्तव्य के साथ हुई। वेबीनार का विषय 'सूचना का अधिकार : कितना असरदार' "RTI as citizen' tool to fight corruption" था। विषय रोचक के साथ-साथ सभी के लिए ज्ञानवर्धक भी रहा। सूचना का अधिकार प्रत्येक नागरिक के लिए कितना आवश्यक है, हमारे वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बड़े ही सरल बिंदुओं के साथ





आज के विषय पर प्रकाश डाला। हमारी प्राचार्या डॉ.स्वाति पाल द्वारा प्रतिज्ञा लेकर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। सूचना के अधिकार से संबंधित सभी के मन में अलग-अलग दुविधाएँ थी। जिसे सुलझाने का प्रयास हमारे वक्ताओं ने सफल रूप से किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में अंत महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आरंभ हुआ।


प्रतियोगिता में कुल 12 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों के उत्साह ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। प्रतियोगिताएं द्विभाषी रखी गई थी। जिसमें अंग्रेजी वाद-विवाद समिति व हिंदी वाद-विवाद समिति की छात्राओं ने मिलकर भाग लिया था। बड़ी दिलचस्प अंदाज में सभी प्रतिभागियों ने अपने तथ्यों को सबके समक्ष रखा। सभी प्रतिभागियों व वेबीनार में उपस्थित सभी का सहृदय धन्यवाद। आप सभी उपस्थिति ने आज के इस कार्यक्रम को सफलता के मुकाम तक पहुंचाया है। आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार : अदिति मृणाल (हिंदी वाद-विवाद समिति), द्वितीय पुरस्कार : दिव्या गर्ग (हिंदी वाद विवाद समिति), तृतीय पुरस्कार : सर्वश्रेष्ठ इंटर्जेक्टर का पुरस्कार (अंग्रेजी वाद-विवाद समिति)की विरोनिका ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को हमारी ओर से ढेरों शुभकामनाएं। मंच संचालन अभिव्यक्ति अध्यक्ष ज्योत्स्ना उपाध्यक्ष दिव्या गर्ग और महासचिव शीतल गोठी ने किया।

दिनांक- 6 अक्टूबर 2020
अभिव्यक्ति, हिन्दी वाद-विवाद समिति द्वारा आयोजित वेबिनार
**ऑनलाइन डिबेटिंग टिप्स पर कार्यशाला**

*अभिव्यक्ति - हिंदी वाद-विवाद समिति*






आज दिनांक 6 अक्टूबर 2020 को अभिव्यक्ति: हिंदी वाद-विवाद समिति द्वारा नए सत्र में ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका विषय 'ऑनलाइन डिबेटिंग टिप्स पर संवाद' था।
इस कार्यशाला में हमारे मुख्य वक्ता एक प्रतिष्ठित डिबेटर एवं ब्लॉगर श्री विजेंद्र सिंह चौहान थे।
कार्यशाला का आयोजन कॉलेज की आदरणीय प्राचार्या डॉ स्वाति पाल के मार्गदर्शन में हुआ ।
ऑनलाइन डिबेटिंग टिप्स पर हुई कार्यशाला का संचालन अभिव्यक्ति की अध्यक्ष ज्योत्सना राठौर और उपाध्यक्ष दिव्या गर्ग ने उत्साह और उमंग के साथ किया। तत्पश्चात डॉ सुधा उपाध्याय ने अपनी मधुर वाणी से सभी को सकारात्मक उर्जा प्रदान करते हुए आदरणीय प्राचार्या का स्वागत किया एवं माननीय वक्ता एवं उनके व्यक्तित्व से सबको परिचित करवाया । प्राचार्या ने सभी का मार्गदर्शन


करते हुए वाद-विवाद में "व्यंग्य" की महत्ता को भी समझाया और वाद-विवाद करने के लिए प्रेरित किया।
उसके बाद  मुख्य वक्ता श्री विजेंद्र सिंह चौहान जी ने संवाद किया। उन्होंने जीवन में और वाद-विवाद में उत्साह का महत्व बताया। कार्यशाला के विषय 'ऑनलाइन डिबेटिंग टिप्स' पर चर्चा की। ऑनलाइन वाद-विवाद में प्रतियोगी की पृष्ठभूमि में प्रकाश, आवाज और रंगों का विशेष महत्व बताया। उन्होंने ऑनलाइन डिबेट से "टाइम एंड स्पेस" में आने वाले बदलावों पर भी प्रकाश डाला कि किस प्रकार आंखों की पुतलियों को कैमरे में बदल दिया गया है, जिसका अपना अलग अनुशासन है। इस प्रकार उन्होंने ऑनलाइन समय में बदलती जीवन शैली और वाद-विवाद शैली पर भी प्रकाश डाला। वक्तव्य के बाद सर ने श्रोतागण द्वारा पूछे गये प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिये । तत्पश्चात डॉ रजनी अनुरागी ने अपने विचार एवं ज्ञान के प्रकाश से सबको प्रकाशित किया और जीवन के अनुभवों को सबके साथ साझा किया। इसी के साथ उन्होंने श्री विजेंद्र सिंह चौहान  और आदरणीय प्राचार्या का धन्यवाद किया और टीम अभिव्यक्ति को सफल आयोजन हेतु बधाइयां दी । कार्यशाला का समापन  ज्ञानवर्धक और उत्साहवर्धक तरीके से समिति की संयोजिकाओं डॉ. सुधा उपाध्याय और डॉ. रजनी अनुरागी के नेतृत्व मे संपन्न हुआ । मंच संचालन अभिव्यक्ति अध्यक्ष ज्योत्स्ना ने किया।

दिनांक- 8 जनवरी 2020
पारंपरिक वाद-विवाद प्रतियोगिता
**विषय- जनांदोलन देश के विकास में बाधक होते है।**





अभिव्यक्ति
हिंदी वाद - विवाद समिति
जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज
पारंपरिक वाद - विवाद प्रतियोगिता
दिनांक : 8 जनवरी 2020
समय : 11:30
स्थान : कक्ष 12
विषय : जनांदोलन देश के विकास में बाधक होते हैं।
नियम
* समय सीमा 3+1, 3 मिनट प्रस्तुति 1 मिनट प्रश्न उत्तर
* एक समूह में केवल दो विद्यार्थी हों। (पक्ष तथा विपक्ष)
* एक महाविद्यालय से केवल एक ही समूह भाग ले सकता है।
* अंतर - महाविद्यालयी समूह भाग नहीं ले सकते है।
* केवल 20 समूह ही चुने जाएंगे।
* चयनित समूहों को दूरभाष से सूचित किया जाएगा।
* माध्यम : केवल हिंदी
* निर्णायकों का निर्णय ही अंतिम और सर्वमान्य होगा ।
* प्रतिभागियों के लिए महाविद्यालय का पहचान पत्र अनिवार्य।
संपर्क सूत्र
फलक - 98118 94816
वर्षा 97736 88285

STUDENTS UNITE
IN SOLIDARITY AGAINST




हिन्दी वाद - विवाद समिति
DO NOT TAKE OUT CHAIRS & DESKS FROM CLASSROOMS




अभिव्यक्ति: हिंदी वाद-विवाद समिति ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिंफनी महोत्सव के दौरान दिनांक 08.01.2020 को 'जनांदोलन देश के विकास में बाधक है' विषय पर पारंपरिक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता की शुरुआत शैक्षिक संस्थानों पर बढ रही हिंसा के विरोध में 1 मिनट का मौन रख की गई। इसके उपरांत अभिव्यक्ति द्वारा प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल डॉ सुजीत कुमार, डॉक्टर शुभ नारायण सिंह, मोहम्मद जुबेर अहमद का स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में अलग-अलग विश्वविद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रथम पुरस्कार दीक्षा व पूर्वी (दीनदयाल दयाल उपाध्याय कॉलेज) द्वितीय पुरस्कार ध्रुव व उमर चौधरी (स्वामी शरणानंद कॉलेज) तृतीय पुरस्कार हर्ष व भविष्य (जामिया मिलिया इस्लामिया) को प्रदान किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रश्नकर्ता के रूप मे अंजुल,अखिल तथा सर्वश्रेष्ठ वक्ता के रूप में समन्वय, मान्य, जिज्ञान्शु, व रवि कुमार को पुरस्कृत किया गया।

कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. स्वाति पाल ने सदन का हिस्सा बन प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया तथा शैक्षिक संस्थानों पर बढ़ती हिंसा के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। आयोजन में डॉ. रजनी अनुरागी, डॉ सुधा उपाध्याय ने सदन को धन्यवाद देते हुए विषय से संबंधित मुद्दों पर प्रकाश डाला एवं प्रतिभागियों को अपने विचार व्यक्त करने हेतु बधाई दी। मंच संचालन अभिव्यक्ति की उपाध्यक्ष वर्षा और ज्योत्स्ना ने किया।



दिनांक:- 5 नवम्बर 2019

नवांगतुक पारम्परिक वाद-विवाद प्रतियोगिता

**विषय- हिन्दू राष्ट्र ही भारत राष्ट्र है।**




DO NOT TAKE OUT
CHAIRS & DESKS
FROM CLASSROOMS


अभिव्यक्ति
हिंदी वाद - विवाद समिति
जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज
अंत: महाविद्यालयी नवागंतुक वाद- विवाद प्रतियोगिता
विषय : हिन्दू राष्ट्र ही भारत राष्ट्र है।
दिनांक: 5 नवम्बर 2019
समय : 10:30 - 3:30
स्थान : कक्ष 69


DO NOT DISTURB SEATING ARRANGEMENTS OF CLASSROOMS
अभिव्यक्ति
हिंदी वाद - विवाद समिति
जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज
अंत: महाविद्यालयी नवागंतुक वाद- विवाद प्रतियोगिता
विषय : हिन्दू राष्ट्र ही भारत राष्ट्र है।
दिनांक: 5 नवम्बर 2019
डॉ.सुनील मांडीवाल


अंत: महाविद्यालयी नवागंतुक वाद- विवाद प्रतियोगिता
विषय : हिन्दू राष्ट्र ही भारत राष्ट्र है।
दिनांक: 5 नवम्बर 2019
समय : 10:30 - 3:30
मीडिया साथी
डॉ.मनीषा अग्निहोत्री
डॉ.मुकेश मानस
डॉ.सुनील मांडीवाल
डॉ.स्वाति पाल








अभिव्यक्ति समिति द्वारा 'हिंदू राष्ट्र ही भारत राष्ट्र हैं' विषय पर अंतर महाविद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता दिनांक 5.11.2019 को कराई गई जिसमें विभिन्न महाविद्यालय के छात्र और छायाओं नें बढ़-चढ़ के भाग लिया। जिसमें प्रथम पुरस्कार अभियंकर शुक्ला,शशिशेखर कुमार मंगलम को मिला(किरोड़ी मल कॉलेज) द्वितीय पुरस्कार उत्कर्ष, अबरार(जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज) और तृतीय पुरस्कार हर्ष,रौशन राज को मिला(जामिया मिल्लिया इस्लमिया) दो वक्ताओं को भी पुरस्कार दिए गए। जिसमें विषय के पक्ष में शीतल (जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज) और विपक्ष में आकांक्षा (हंसराज कॉलेज), प्रश्नकर्ता पुरस्कार दिव्या गर्ग (जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज) को मिला।

निणॉयक मंडल में  डॉ.सुनील मांडीवाल (दयाल सिंह कॉलेज) डॉ.मुकेश मानस (सत्यवती कॉलेज) और डॉ. मनीषा अग्निहोत्री (जानकी  देवी मेमोरियल कॉलेज) रहे। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ.स्वाति पाल भी सदन में उपस्थित हुई और प्रतिभागियों का मनोबल बढ़या। बाहर से आए छात्राओं ने अभिव्यक्ति द्वारा कराई गई प्रतियोगिता की तारीफ की और वह वाद-विवाद प्रतियोगिता का हिस्सा बने खुशी जाहिर की। आयोजन के संयोजकों डॉ.रजनी अनुरागी और डॉ.सुधा उपाध्याय ने सदन को धन्यवाद देते हुए विषय से संबंधित मुद्दों पर प्रकाश डाला एवं छात्र छात्राओं को अपने विचार व्यक्त करने हेतु बधाई दी। मंच संचालन अभिव्यक्ति की अध्यक्ष फलक  और उपाध्यक्ष रीमा और वर्षा ने कुशलतापूर्वक किया ।

दिनांक- 30 सितम्बर 2019
अंतर्विभागीय वाद-विवाद प्रतियोगिता
**विषय- नोटबन्दी एक सार्थक कदम रहा है।**








डॉ.प्रज्ञा
डॉ. स्वाति पाल


डॉ.प्रज्ञा
डॉ.संजुक्ता नस्कर


2018
अभिव्यक्ति
(हिंदी वाद- विवाद समिति)






अभिव्यक्ति : हिंदी वाद-विवाद समिति, जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज द्वारा अंतर्विभागीय प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में कॉलेज के विभिन्न विभागों से छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार शिक्षा गुप्ता ,प्रियंका जोशी द्वितीय पुरस्कार अदिति, अंशिका तथा तृतीय पुरस्कार वर्षा ,नंदनी को प्रदान किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रश्नकर्ता  को भी पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. प्रज्ञा (किरोड़ीमल कॉलेज) डॉ. संजुक्ता नस्कर , डॉ.अमिता चरण (जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज) से रहे। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. स्वाति पाल ने भी सदन का हिस्सा बन छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। आयोजन की संयोजक  डॉ. रजनी अनुरागी ने सदन को धन्यवाद देते हुए विषय से संबंधित मुद्दों पर प्रकाश डाला एवं छात्राओं को अपने विचार व्यक्त करने हेतु बधाई दी। मंच संचालन अभिव्यक्ति की अध्यक्ष फलक  और उपाध्यक्ष रीमा और वर्षा ने कुशलतापूर्वक किया ।